**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 204**

**Series : SS/Annual-2023**

रोल नं० | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **10** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

**नोट :** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं,*** *किन्तु कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii) जिन प्रश्नों के कई भाग हैं, उन्हें एक साथ कीजिए।*

*(iii) वर्तनी की अशुद्धियों तथा विषयान्तर की स्थिति में अंक काटे जाएँगे।*

*(iv) शुद्ध सुपाठ्य और सटीक उत्तरों को अधिमान दिया जाएगा।*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से ***सही*** विकल्प चुनकर दीजिए : 1 × 10 = 10

(i) मैंने भ्रमवश संचित मधुकरियों की क्या लुटाई ?

(क) पूँजी (ख) चीनी

(ग) रेवड़ी (घ) भीख

(ii) हेम कुंभ ले उषा सवेरे क्या ढुलकाती है ?

(क) दुख (ख) सुख

(ग) पानी (घ) दूध

(iii) कवि ने किस सन् के बाद लोगों को आत्मनिर्भर, मालामाल और गतिशील होते देखा है ?

(क) 1940 (ख) 1947

(ग) 1950 (घ) 1952

(iv) किसके पुकारने पर विदुर घने जंगलों में भागे थे ?

(क) अर्जुन (ख) भीम

(ग) नकुल (घ) युधिष्ठिर

(v) कुंतीनन्दन किसे कहा गया है ?

(क) नकुल को (ख) सहदेव को

(ग) युधिष्ठिर को (घ) विकर्ण को

(vi) 'हारेहु खेल जितावहि मोही' भरत के इस कथन का आशय क्या है ?

(vii) तुलसीदास की खडाऊँ वहाँ कितने वर्ष से रखी है ?

(viii) 'पत्थर' और 'चट्टान' शब्द किसके प्रतीक हैं ?

(ix) प्रियतमा के दुख के क्या कारण हैं ?

(x) देवी सरस्वती की उदारता का गुणगान क्यों नहीं किया जा सकता ?

**2.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

तोड़ो तोड़ो तोड़ो
ये पत्थर ये चट्टानें
ये झूठे बंधन टूटें
तो धरती को हम जानें
सुनते हैं मिट्टी में रस है जिसमें उगती दूब है
अपने मन के मैदानों पर व्यापी कैसी ऊब है
आधे आधे गाने

**अथवा**

यह वह विश्वास नहीं जो अपनी लघुता में भी काँपा
वह पीड़ा जिसकी गहराई को स्वयं उसी ने नापा
कुत्सा, अपमान, अवज्ञा के धुँधुआते कडुवे तम में
यह सदा द्रवित, चिर-जागरुक, अनुरक्त-नेत्र
उल्लंब-बाहु, यह चिर-अखण्ड अपनापा

**3.** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ***अथवा*** रघुबीर सहाय के जीवन, रचनाओं और काव्य-विशेषताओं का परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश का भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 4

भर गया है जहर से, संसार जैसे हार खाकर
देखते हैं लोग लोगों को सही परिचय न पाकर।

**अथवा**

गंगा के जल में अपनी एक टाँग पर खड़ा है यह शहर
अपनी दूसरी टाँग से, बिलकुल बेखबर

**5.** पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 3 = 6$

(क) कवि ने आशा को बावली क्यों कहा है ?

(ख) सागर और बून्द से कवि का क्या आशय है ?

(ग) विद्यापति की नायिका के प्राण तृप्त न हो पाने का कारण बताइए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक ***सही*** विकल्प चुनकर लिखिए :

$1 \times 10 = 10$

(i) पाठशाला में कौन-सा उत्सव था ?

(क) स्वतंत्रता दिवस (ख) वार्षिकोत्सव

(ग) गणतंत्र दिवस (घ) युवा-उत्सव

(ii) बालक ने इनाम में क्या माँगा ?

(क) पुस्तक (ख) घड़ी

(ग) छाता (घ) लड्डू

(iii) गाँव की मोदिआइन बूढ़ी आँगन में बैठ कर क्या कर रही थी ?

(क) नहा रही थी (ख) खाना खा रही थी

(ग) गीत गा रही थी (घ) बड़बड़ा रही थी

(iv) हरगोबिन बड़ी हवेली की टूटी ड्योढ़ी पार कर कहाँ गया था ?

(क) गली में (ख) तालाब पर

(ग) अंदर (घ) बाहर

(v) रेलगाड़ी कौन-से स्टेशन पर रुकती थी ?

(क) दिल्ली (ख) हरिद्वार

(ग) वाराणसी (घ) वर्धा

(vi) लेखक के पिता को किसके नाटक बहुत पसन्द थे ?

(vii) हरगोबिन किसका नाम लेकर पैदल ही चल पड़ा था ?

(viii) आधुनिक भारत के नए शरणार्थी किन्हें कहा गया है ?

(ix) हर की पौड़ी पर सांझ कैसे उतरती है ?

(x) संभव थैली खरीदकर कहाँ पहुँच गया ?

**7.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी ***एक*** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

हरगोबिन का रोम-रोम कलपने लगा। देवर-देवरानियाँ भी कितने बेदर्द हैं। ठीक अगहनी धान के समय बाल-बच्चों को लेकर शहर में आएँगे। दस-पन्द्रह दिनों में कर्ज-उधार की ढ़ेरी लगाकर वापस जाते समय दो-दो मन के हिसाब से चावल चूड़ा ले जाएँगे। फिर आम के मौसम में आकर हाजिर। कच्चा-पक्का आम तोड़कर बोरियों में बंद करके चले जाएँगे।

**अथवा**

लड़की अब बिल्कुल बराबर में खड़ी, आँख मूँदकर अर्चन कर रही थी। संभव ने यकायक मुड़कर उसकी ओर गौर किया। उसके कपड़े एकदम भीगे हुए थे, यहाँ तक कि उसके गुलाबी आंचल से संभव के कुर्ते का एक कोना भी गीला हो रहा था। लड़की के लम्बे गीले बाल पीठ पर काले चमकीले शाल की तरह लग रहे थे।

दीपकों के नीम उजाले में, आकाश और जल की साँवली संधि-वेला में, लड़की बेहद सौम्य, लगभग कांस्य प्रतिमा लग रही थी।

**8.** पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) घड़ीसाजी का इम्तहान पास करने से लेखक का क्या तात्पर्य है ? 4

(ख) बहुरिया का संवाद हरगोबिन क्यों नहीं सुना सका ? 2

(ग) रोगी बालक के प्रति गाँधी जी का व्यवहार किस प्रकार का था ? 2

(घ) भद्रमथ शिलालेख की क्षतिपूर्ति कैसे हुई ? स्पष्ट कीजिए। 2

**9.** *'अंतराल' (भाग-दो)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भैरों ने सूरदास की झोपड़ी क्यों जलाई ? 2

(ख) पत्थर की जाति से लेखक का क्या आशय है ? उसके विभिन्न प्रकारों के बारे में लिखिए। 2

(ग) कोइयाँ किसे कहते हैं ? उसकी विशेषताएँ बताइए। 2

(घ) अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था ? इसके क्या कारण हैं ? 4

**अथवा**

सूरदास जगधर से अपनी आर्थिक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहता था ?

**10.** *'अभिव्यक्ति और माध्यम'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 3 = 15$

(क) इंटरनेट की उपयोगिता बताइए।

(ख) आधुनिक विश्व में जनसंचार की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ग) नाटक के प्रमुख तत्व कौन-कौन-से हैं ?